1	2	3	4	5
2.	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम	1376.41	93.19	2432.23
3.	बहुक्षेत्रीय विकास योजना . .	—	13.00	16.50
पिछड़ा वर्ग कल्याण				
1.	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम .	949.45	121.16	48.45

विवरण—2

(रुपए लाख में)

क्र० सं०	योजना का नाम	1994–95	1995–96	1996–97
		के दौरान उपयोग की गई धनराशि		
1.	अनुसूचित जाति के लिए विशेष संघटक योजना के विशेष केन्द्रीय सहायता .	7756.34	6040.07	yet to be receive
2.	मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति . . .	720.26	1736.79	-do-
3.	मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति	72.29	162.96	-do-
4.	अनुसंधान और प्रशिक्षण . .	—	1.12	-do-
5.	राष्ट्रीय पिछड़ावर्ग वित्त एवं विकास निगम	राज्य निगमों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार इसमें संवितरित राशि के 77% का उपयोग कर लिया है ।		

मध्य प्रदेश की विशेष पिछड़ी आदिम जनजातियों के लिए सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना

2165. श्री दिलीप सिंह जूदेव : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश की उन जन जातियों का ब्यौरा क्या है जिनके लिए विशेष पिछड़ी आदिम जनजातियों संबंधित सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना का क्रियान्वयन किया गया है ;

(ख) इन जनजातियों के लिए निर्धारित प्रीमियम की दर क्या थी तथा वर्ष 1994–95, 1995–96 और 1996–97 के दौरान इसके अन्तर्गत प्रत्येक जनजाति के बीमा किए गए व्यक्तियों की संख्या का ब्यौरा उनके लिए भुगतान की गई धनराशि सहित क्या है ; और

(ग) उक्त वर्षों के दौरान इस योजना के अन्तर्गत पहाड़ी कोरबा और बिरहोट जनजाति जैसी विशेष पिछड़ी आदिम जनजातियों के लाभान्वित परिवारों को जिलावार ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्री (श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया) : (क) से (ग) सूचना राज्य सरकार से मांगी गई हैं और प्राप्त होने पर सभा पटल पर रख दी जाएंगी ।

केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के लिए अनुदान प्राप्त करने वाले संस्थान

2166. प्रो० राम बक्श सिंह वर्मा : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में कितनी संस्थानों को कितनी राशि का अनुदान दिया गया ;

(ख) उन कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है जिनके लिए इस धनराशि को मुहैया कराया गया था ;

(ग) क्या इस अवधि के दौरान प्रदत्त धनराशि का उचित रूप में उपयोग हुआ था, और

(घ) यदि हां, तो इससे लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है और इसका ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्री (श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान संस्थाओं की संख्या तथा उन्हें दिए गए अनुदान को दर्शाने वाला कार्यक्रम-वार ब्यौरा **विवरण-क** में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(ख) कार्यक्रमों की एक सूची **विवरण ख** में दी गई है । **(नीचे देखिए)**

(ग) योजना पद्धति के अनुसार अनुदानों का उपयोग किया गया था ।

(घ) कार्यक्रम-वार लाभान्वित लोगों की संख्या को दर्शाने वाला **विवरण-क** पर दिया गया है।